JALAUN POLICE

**दिनांक – 30.05.2025**

**श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन कानपुर एवं पुलिस उपमहानिरीक्षक झांसी परिक्षेत्र झांसी के नेतृत्व में पुलिस अधीक्षक जालौन के कुशल पर्यवेक्षण में थाना एट पुलिस द्वारा हत्या की घटना में वांछित एवं 25,000/- रूपये का इनामिया अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।**

कृपया अवगत कराना है कि दिनांक 17.05.2025 को वादी श्री मंगल सिंह पुत्र कृपाराम निवासी ग्राम गिरथान थाना एट जनपद जालौन द्वारा थाना एट में तहरीर दी गयी कि दिनांक 12/13.05.2025 को अभियुक्तगण द्वारा वादी के पुत्र मोन्टी उर्फ अजय की योजनाबद्ध तरीके से हत्या कर दी गयी है। उक्त तहरीर के आधार पर थाना एट पर मु0अ0सं0- 77/25 धारा- 103(1)/61(2) बीएनएस बनाम **1.** शिवानी पुत्री महपाल **2.** श्रीमती कौशल्या पत्नी महपाल निवासीगण ग्राम जयसारीकलां थाना डकोर जनपद जालौन **3.** सचिन पाल पुत्र रुप सिंह निवासी बरखेरा थाना कालपी जनपद जालौन पंजीकृत किया गया था।

दिनांक 30.05.2025 को थाना एट पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्र में रोकथाम अपराध, चैकिंग संदिग्ध व्यक्ति, लुटेरे, वाहन चोर/वांछित अपराधी एवं पतारसी सुरागरसी एवं चैकिंग के दौरान मुखबिर की सटीक सूचना पर ग्राम सोमई हाइवे आर्शीवाद ढावा के पास से मुकदमा उपरोक्त में वांछित एवं 25,000/- रूपये का इनामिया अभियुक्त सचिन पाल पुत्र रुप सिंह निवासी ग्राम वरखेरा थाना कालपी जनपद जालौन को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की गयी।

थाना एट पुलिस द्वारा अभियोग से सम्बन्धित नामजद अभियुक्ता शिवानी को पूर्व में गिरफ्तार किया जा चुका है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम –**

1. सचिन पाल पुत्र रुप सिंह उम्र करीब 20 वर्ष निवासी ग्राम वरखेरा थाना कालपी जनपद जालौन

**गिरफ्तार करने वाली टीम-**

1. थाना प्रभारी एट मय पुलिस टीम।